दिन– गुरूवार | दिनांक– 04/09/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। | अवधिः– 15 मिनट

---

01. केन्द्र सरकार ने आम आदमी और मध्यम वर्ग को राहत के लिए जीएसटी दरों में कमी की घोषणा की। इससे घरेलू खपत बढेगी और भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

02. महागठबंधन की वोटर अधिकार यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां के लिए अपशब्द कहे जाने के विरोध में एनडीए का बिहार बंद आज।

03. भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा– बिहार विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी जल्द ही चुनाव अभियान समिति का गठन करेगी।

04. और, राजगीर में खेली जा रही एशिया कप पुरूष हॉकी चैंपियनशिप में भारत और दक्षिण कोरिया के बीच मुकाबला दो–दो से ड्रॉ रहा। सुपर फोर में आज भारत की टक्कर मलेशिया से होगी।

———————————————————————————

जीएसटी परिषद ने आम आदमी, श्रम–प्रधान उद्योगों, किसानों और कृषि, स्वास्थ्य और अर्थव्यवस्था के लिए जीएसटी दरों में सुधार करते हुए उन्हें युक्तिसंगत बनाने को मंजूरी दे दी है। नई दिल्ली में जीएसटी परिषद की बैठक के बाद मीडिया को जानकारी देते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि आम आदमी और मध्यम वर्ग के उपयोग की वस्तुओं पर वस्तु एवं सेवा कर–जीएसटी अठारह तथा बारह प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत कर दिया गया है। छेना, पनीर, रोटी जैसी वस्तुओं पर जीएसटी समाप्त कर दिया गया है।

———बाइट———

श्रीमति सीतारमन ने और जानकारी देते हुए कहा कि जीएसटी सुधारों की दिशा में यह कदम महत्त्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि कई खाद्य पदार्थो पर जीएसटी पांच प्रतिशत कर दी गई है।

———बाइट———

श्रीमती सीतारामन ने बताया कि जीएसटी परिषद ने व्यक्तिगत जीवन बीमा पॉलिसियों और फैमिली फ्लोटर और वरिष्ठ नागरिकों के लिए पॉलिसियाँ सहित व्यक्तिगत स्वास्थ्य बीमा पॉलिसियों पर जीएसटी से छूट को मंजूरी दे दी है। ये सभी बदलाव इस महीने की बाईस तारीख नवरात्रि के पहले दिन से लागू होंगे। वित्त मंत्री ने कहा कि तैंतीस जीवन रक्षक दवाओं और औषधियों पर जीएसटी को बारह प्रतिशत से घटाकर शून्य  तथा कैंसर एवं दुर्लभ बीमारियों और अन्य गंभीर बीमारियों के इलाज में इस्तेमाल होने वाली तीन जीवन रक्षक दवाओं पर जीएसटी को पांच प्रतिशत से घटाकर शून्य कर दिया है। अन्य सभी दवाओं और औषधियों पर जीएसटी बारह प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत कर दिया गया गया है। इस बैठक में बिहार का प्रतिनिधित्व उप मुख्यमंत्री सह वित्तमंत्री सम्राट चौधरी ने किया।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के जीएसटी दरों में किए गए अगली पीढ़ी के सुधारों की सराहना की है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि सरकार ने जीएसटी दरों में कटौती का फैसला किया है, जिससे आम आदमी, किसानों, एमएसएमई, मध्यम वर्ग, महिलाओं और युवाओं को लाभ होगा। उन्होंने कहा कि सरकार ने जीवन को आसान बनाने के उद्देश्य से जीएसटी दरों को युक्तिसंगत बनाने और प्रक्रिया सुधारों के लिए एक विस्तृत प्रस्ताव तैयार किया है।

---

एनडीए ने महागठबंधन की वोटर अधिकार यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां के लिए अपशब्द कहे जाने के विरोध में आज बिहार बंद का आह्वान किया है। यह बंद सुबह सात बजे से दोपहर बारह बजे तक रहेगा। एनडीए की महिला इकाई की सदस्य कई स्थानों पर बंद का नेतृत्व करती हुई देखी जा रही हैं। इधर, एनडीए नेताओं ने लोगों से शांतिपूर्ण बंद की अपील की है।

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि बिहार विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी जल्द चुनाव का अभियान समिति का गठन करेगी। श्री शाह ने नई दिल्ली में प्रदेश भाजपा की कोर समिति की बैठक में सूक्ष्म संगठात्मक प्रबंधन पर जोर देते हुए कहा कि एनडीए के घटक दलों के बीच आपसी तालमेल जरूरी है। इस बैठक में प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा, बिहार प्रभारी विनोद तावड़े, केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह और नित्यानंद राय समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए। बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर मुख्य रूप से चर्चा हुयी। उन्होंने कहा कि बैठक में लोकसभावार प्रभारी बनाने का निर्णय लिया गया है।

———बाइट———

———————————————————————————

हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा के संरक्षक और केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी ने बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए से कम से कम बीस सीटों की मांग की है। श्री मांझी ने कहा कि उनकी पार्टी को मान्यता दिलाने के लिए कम से कम बीस सीटों पर चुनाव लड़ना जरूरी है। उन्होंने कहा कि उनकी इस मांग पर एनडीए के सभी घटक दलों को सहानुभूतिपूर्वक विचार करना चाहिए।

———————————————————————————

हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा का राष्ट्रीय अधिवेशन आज नई दिल्ली में होगा। इसका उद्घाटन पार्टी के संरक्षक और केन्द्रीय मंत्री जीतनराम मांझी करेंगें। अधिवेशन में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष कुमार सुमन, पार्टी के विधायक और पदाधिकारी शामिल होंगे। वहीं, आज ही लोजपा रामविलास की ओर से नव संकल्प सभा का आयोजन मुजफ्फरपुर में किया जायेगा।

———————————————————————————

राजगीर में खेली जा रही एशिया कप पुरूष हॉकी प्रतियोगिता के सुपर फोर राउंड में भारत और दक्षिण कोरिया के बीच मुकाबला दो–दो से बराबरी पर समाप्त हुआ। रोमांचक मुकाबले में भारतीय टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। हार्दिक सिंह और मनदीप ने एक–एक गोल किया। हालांकि भारत ने पेनल्टी कॉर्नर के कई मौके गवां दिए। भारतीय टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा कि शुरूआत जरूर खराब रही लेकिन बाद में टीम ने जबरदस्त वापसी की।

–––बाइट–––

दक्षिण कोरिया के गोलकीपर जेहान किम को उनकी शानदार डीफेंस के लिए मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। आज भारतीय टीम का मुकाबला मलेशिया से होगा। कल दिन के पहले मुकाबले में मलेशिया ने कांटे की टक्कर में चीन को दो–शून्य से पराजित किया।

————————————————————————————

मौसम विभाग ने कहा है कि पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से प्रदेश के विभिन्न भागों में बारिश की गतिविधियों में तेजी आई है। विभाग ने कहा है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, पटना, नालंदा, गया समेत राज्य के पश्चिमी और दक्षिण–मध्य भागों में कुछ स्थानों पर सामान्य से अधिक वर्षा हो सकती है। वहीं, राज्य के अन्य हिस्सों में तेज हवा के साथ हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है।

–––बाइट–––

————————————————————————————

राज्य से होकर गुजरने वाली गंगा, सोन, गंडक, बूढ़ी गंडक और कोसी नदी के जलस्तर में उतार–चढ़ाव का सिलसिला जारी है। केंद्रीय जल आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गंगा नदी का जलस्तर पटना के दीघा घाट, गांधी घाट और हाथीदह में खतरे के निशान से ऊपर बना हुआ है। वहीं, नदी भागलपुर और कहलगांव में भी लाल निशान से ऊपर बह रही है। सोन नदी के जलस्तर में कमी आई है। नदी

पटना के मनेर में खतरे के निशान से नीचे चली गयी है। गंडक नदी गोपालगंज के डुमरिया घाट और बूढ़ी गंडक नदी खगड़िया में खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। कोसी नदी का जलस्तर खगड़िया के बलतारा और कटिहार के कुर्सेला में लाल निशान को पार कर गया है।

———————————————————————

प्रदेश में दो हजार पच्चीस के राज्य शिक्षक पुरस्कार के लिए बहत्तर शिक्षकों का चयन किया गया है, जिसमें तैंतालीस शिक्षक और उनतीस शिक्षिका शामिल हैं। प्राथमिक शिक्षा निदेशक साहिला ने चयनित शिक्षकों का सूची जारी करते हुए कहा कि इनका सम्मान कल शिक्षक दिवस के मौके पर किया जायेगा। पटना के श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में चयनित शिक्षकों को तीस हजार की राशि के साथ शॉल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जायेगा। गौरतलब है कि शिक्षक पुरस्कार उत्कृष्ट और नवाचारी शिक्षण कार्य के लिए प्रदान किया जाता है।

———————————————————————

प्रदेश में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के सभी लाभार्थियो का भौतिक सत्यापन किया जायेगा। सामाजिक सुरक्षा निदेशक रंजिता ने इस संबंध में सभी जिलों के सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा को निर्देश भेजा है। उन्होंने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना की जिलावार समीक्षा करते हुए सभी जिलों को निर्धारित लक्ष्य हासिल करने का निर्देश दिया।

———————————————————————

प्रदेश में चल रही सिपाही और चालक सिपाही की बहाली में बिहार प्रक्रिया की मूल निवासी महिलाओं को शत प्रतिशत आरक्षण मिलेगा। केन्द्रीय चयन परिषद सिपाही भर्ती ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। परिषद ने कहा है कि सामान्य प्रशासन विभाग का संकल्प तत्काल प्रभाव से लागू माना जायेगा, जिसमें कहा गया है कि मूल निवासी महिलाओं को ही आरक्षण का लाभ मिलेगा। गौरतलब है कि प्रदेश में

उन्नीस हजार आठ सौ अड़तीस सिपाही और चार हजार तीन सौ एकसठ चालक सिपाही की भर्ती प्रक्रिया जारी है।

———————————————————————————

सरकार ने लोगों को प्रधानमंत्री विकसित भारत योजना के  नाम पर फर्जी पोर्टल को लेकर आगाह किया है। कुछ वेबसाइट सरकार के उपक्रम होने का झूठा दावा कर रही हैं। सभी नागरिकों, नियोक्ताओं और हितधारकों को धोखाधड़ी वाली वेबसाइट और भर्ती के झूठे दावों से सतर्क रहने की सलाह दी गई है। लोगों से आग्रह किया गया है कि वे ऐसे पोर्टल के माध्यम से व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें और न ही कोई भुगतान करें।

———————————————————————————

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी अखबारों में जीएसटी दरों में कटौती की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने इस खबर पर लिखा है– निम्न मध्यम वर्ग की दीवाली जगमग होगी। जरूरी वस्तुओं के दाम घटेंगे।

दैनिक जागरण ने इसी खबर पर लिखा है– आम आदमी को राहत। ब्रेड, दूध से लेकर एसी और कार होंगे सस्ते।

दैनिक भास्कर चुनावी रणनीति को लेकर पार्टियों की तैयारी पर लिखता है –भाजपा की दिल्ली में और राजद की पटना में बैठक, जीत की तैयारी–मंथन तेज।

प्रभात खबर ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हवाले से लिखा है– अगले पांच सालों में एक करोड़ युवाओं को नौकरी और रोजगार देंगे।

राष्ट्रीय सहारा ने केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के बयान का शीर्षक लगाया है –जब तक सारे नक्सली सरेंडर नहीं करते चैन से नहीं बैठेंगे।

आज अखबार लिखता है–बिहटा में एसडीआरएफ मुख्यालय का उद्‌घाटन इसी माह।

---

01. केन्द्र सरकार ने आम आदमी और मध्यम वर्ग को राहत के लिए जीएसटी दरों में कमी की घोषणा की। इससे घरेलू खपत बढेगी और भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

02. महागठबंधन की वोटर अधिकार यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां के लिए अपशब्द कहे जाने के विरोध में एनडीए का बिहार बंद आज।

03. भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा– बिहार विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी जल्द ही चुनाव अभियान समिति का गठन करेगी।

04. और, राजगीर में खेली जा रही एशिया कप पुरूष हॉकी चैंपियनशिप में भारत और दक्षिण कोरिया के बीच मुकाबला दो–दो से ड्रॉ रहा। सुपर फोर में आज भारत की टक्कर मलेशिया से होगी।

---

समाप्त